
● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

02 फर्जी कॉल मामले में आईपीएस आदित्य के खिलाफ आरोप तय, जमानत पर छूटे
03 अवैध संचालित आर्केस्ट्रा से चार नाबालिग लड़कियों का किया रेस्क्यू



# बॉर्डर न्यूज मिरर
...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 54

LAKSHYA RAJ KIDZEE
Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441

# जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष को मोदी से निपटना पड़ेगा: पीएम मोदी



**कांग्रेस की योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए।**

बीएनएम संवाददाता

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा।

उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, " कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।"

मतदाता की नब्ज पर हाथ रखते हुए श्री मोदी ने कहा " मान लीजिए आपके माता-पिता ने चार कमरे का घर बनाया है। उममें से दो कमरे आपको मिलेंगे। दो कमरे सपा-कांग्रेस की सरकार हड़प लेगी। दस बीघा है तो वह हड़प लगेगी। क्या आप अपनी संपत्ति भ्रष्ट पंजे के हाथ में जाने देंगे। क्या आपको गुस्सा नहीं आ रहा है। "

उन्होंने कहा " ओबीसी, एससी के हक पर डाका डालने और मां-बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों यह कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। ऐसा कोई भी पाप नहीं होने देगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी हैं, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है। वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा। श्री मोदी ने कहा, संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस में ठान लिया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसलिए उसने तरीका निकाला है। 27 प्रतिशत ओबीसी का कोटा है, मैं भी उसी समाज से आता हूं। कांग्रेस ने तय किया है कि उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। चुपचाप छीन लिया जाए। धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए।

उन्होने कहा, " हमने तुष्टिकरण की राजनीति बहुत देखी है। तुष्टिकरण की लड़ाई में बांट दिया है। हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते, बल्कि संतुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। कांग्रेस के इस बार के घोषणा पत्र पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो वोट बैंक को मजबूत कर रहा है हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत कर रहा है।

## युवा कांग्रेस का 'इंडिया 300, भाजपा 150' अभियान शुरु

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए 'इंडिया 300, भाजपा 150' डिजिटल अभियान शुरू किया है। युवा कांग्रेस की मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के सोशल मीडिया टीम के प्रमुख मनु जैन ने यह अभियान 'इंडिया गठबंधन 300, भाजपा 150' के नारे के तौर पर शुरू किया है। उन्होंने इसे अद्वितीय पहल बताते हुए कहा कि देश में पहली बार मतदाताओं को संगठित करने के लिए इस अभियान को डिजाइन किया गया है।

**लोकसभा चुनाव** | **राहुल गांधी से लेकर पूर्णिया सीट से पप्पू यादव की परिक्षा**

## दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान आज , दिग्गजों की साख दांव पर

पटना। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग आज सात बजे शुरू हो जाएगी। दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 88 सीटों के लिए मतदान होंगे। 88 लोकसभा सीटों पर कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। जिन दिग्गजों की साख दांव पर लगी है उनमें राहुल गांधी से लेकर पूर्णिया सीट से पप्पू यादव भी शामिल हैं। दरअसल, 26 अप्रैल को कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 6, बिहार की 5, असम की 5, पश्चिम बंगाल की 3, छत्तीसगढ़ की 3, जम्मू-कश्मीर की 1, त्रिपुरा की 1 और मणिपुर की एक सीट पर वोटिंग होगी। इन लोकसभा सीटों में कुछ ऐसी हॉट सीटें भी शामिल हैं, जहां से सियासत के बड़े धुरंधर चुनाव मैदान में हैं।




दूसरे चरण में कल होने वाले चुनाव में केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, प्रह्लाद जोशी, शशि थरूर, तिरुअनंतपुरम से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, उत्तर प्रदेश से टेलिविजन के बड़े शो रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल, सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, कर्नाटक से भाजपा के तेजस्वी सूर्या के भाग्य का फैसला होगा। बात करें अगर बिहार की तो पूर्णिया, भागलपुर, किशनगंज, कटिहार और बांका की सीट पर चुनाव के लिए शुक्रवार को वोटिंग होगी। पूर्णिया सीट से जेडीयू के संतोष कुमार, आरजेडी की बीमा भारती और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मैदान में हैं। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। वहीं भागलपुर सीट से जेडीयू के अजय कुमार मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच सीधी टक्कर है।

किशनगंज संसदीय सीट पर कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के उम्मीदवार अखतरुल ईमान और जेडीयू के मुजाहिद आलम आमने-सामने हैं जबकि कटिहार से जेडीयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी और कांग्रेस उम्मीदवार तारिक अनवर और बांका संसदीय सीट पर आरजेडी के जय प्रकाश नारायण यादव और जेडीयू के गिरिधारी यादव चुनाव मैदान में है।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# फर्जी कॉल मामले में आईपीएस आदित्य के खिलाफ आरोप तय, जमानत पर छूटे

पटना। बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम पर फर्जी कॉल कर पैरवी करने के मामले में अभियुक्त बनाए गए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आदित्य कुमार के खिलाफ पटना की एक विशेष अदालत ने आज आरोप तय कर दिया और बाद में उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया।

आर्थिक अपराध मामलों की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहालिया की अदालत में आईपीएस आदित्य कुमार को आज जेल से लाकर पेश किया गया था, जहां अदालत ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। आरोपों को सुनने के बाद आईपीएस श्री कुमार ने अपने ऊपर लगाये गये आरोपों से इनकार किया। इसके बाद अदालत ने मामले में अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बाद में अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर आईपीएस श्री कुमार को जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया।

## सारण के विकास के लिए लगेंगे नए कल-कारखाने : रोहिणी

बीएनएम@छपरा

बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या ने आज कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव के बाद यदि वह जीत जाती हैं तो अपने पिता राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की तरह सारण क्षेत्र के विकास के लिए नए कल-कारखाने लगवाएंगी। डॉ. आचार्या से गुरुवार को 'यूनीवार्ता' संवाददाता ने पूछा कि वर्ष 2004 में उनके पिता श्री यादव ने सांसद बनने के बाद मढ़ौरा में डीजल इंजन कारखाना तथा दरियापुर में रेल चक्का कारखाना की सौगात दी थी अब यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में वह सांसद बनती हैं तो इस क्षेत्र के विकास के लिए क्या करेंगी। इस पर उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि इस क्षेत्र का विकास अभी तक अवरुद्ध है। यदि क्षेत्र की जनता उन्हें सांसद बनने का मौका देती है तो वह यहां के विकास के लिए काम करेंगी।

## कांग्रेस के टिकट पर पूर्व लोकसभा सांसदों के पुत्र वर्तमान सासंदों को देंगे चुनौती

पटना।बिहार आम चुनाव 2024 में कांग्रेस के टिकट पर दो पूर्व लोकसभा सांसदों के पुत्र राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल वर्तमान सांसद को चुनौती देंगे।

इस बार के चुनाव में कांग्रेस को इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत नौ सीट किशनगंज,कटिहार, पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु),पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज मिली है।

## बिहार में दूसरे चरण की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान आज

बीएनएम@पटना



बिहार में दूसरे चरण की पांच लोकसभा सीटों कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें 93,96,298 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर समेत 50 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों पर मतदान शाम चार बजे समाप्त हो जाएगा। वहीं, सामान्य बूथों पर मतदाता सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान 19 अप्रैल को चार सीटों औरंगाबाद, गया, जमुई और नवादा पर मतदान हुआ था।

# होटल में लगी आग छह की मौत, 20 घायल

### पटना जंक्शन के पास की है घटना

बीएनएम@पटना



बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग झुलसकर घायल हो गए।

नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) चंद्र प्रकाश ने पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगने से छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथमदृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है। आग लगने के बाद होटल में रखे सिलेंडर में भी विस्फोट हुआ, जिससे आग और भड़क गई। देखते ही देखते आग चार मंजिला भवन के सभी तल पर फैल गई और पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं, करीब 25 लोग झुलस कर घायल हो गए , जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इलाज के दौरान चार और लोगों ने दम तोड़ दिया। आग बुझाने के लिए दमकल की 08 गाड़ियों और 50 कर्मियों को लगाया गया और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।

अपराध | सड़क जाम आगजनी तोड़फोड़...

# राजधानी पटना में जे डी (यू)नेता की हत्या से हड़कंप

बीएनएम@पटना



लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण की पूर्व संध्या पर बिहार की राजधानी पटना में देर रात जे डी (यू) के नेता की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । इस नेता के साथ उसका एक साथी भी गोली लगने से घायल है जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां वह जीवन मौत से संघर्ष कर रहा है ।जद यू नेता का नाम सौरभ कुमार बताया जाता है। सौरभ की हत्या की खबर मिलते ही सत्ताधारी दल के साथ ही बिहार के राजनीतिक गलियारे में हड़कम्प मच गया ।बताते हैं कि सौरव पार्टी में युवा नेता था और पार्टी में उसकी काफी पकड़ थी। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काफी करीबी बताया जाता है।

पुनपुन थाना क्षेत्र के परसा बाजार का रहने वाला सौरभ बीती रात पुनपुन में एक शादी समारोह में शरीक होकर अपने एक साथी के साथ लौट रहा था ।रात लगभग 12:30 मिनट पर ज्योंही वह भूढ़ाईचक गांव के पास पहुंचा की मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगों ने उस पर गोलियों की बौछार कर दी। सौरभ के सर में तीन दिन गोलियां लगी और वह वहीं गिर पड़ा ।उसका साथी मुनमुन भी गोली लगने से घायल हो गया ।इसे आनन फानन में कंकड़बाग अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जे डी यू नेता की हत्या की खबर मिलते ही देर रात पटना पुलिस के बड़े हुक्मरान घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सौरभ की हत्या की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पहले तो सौरभ के शव को अपने कब्जे में ले लिया और एंबुलेंस में रखकर परसा पुनपुन सड़क को जामकर आगजनी और तोड़ फोड़ करने लगे। कई थानों की पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो आक्रोशित लोगों पर नियंत्रण पाया जा सका।

बताते हैं कि सौरभ पार्टी में नेतागिरी के साथ ही प्रॉपर्टी डीलर का भी काम करता था ।हालांकि अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वह जेडी यू ही चर्चित नहीं था बल्कि अन्य पार्टियों में भी उसकी काफी पकड़ थी ।यही कारण है कि सौरभ की हत्या की खबर मिलते ही पाटलिपुत्र से राजद की प्रत्याशी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी मिशा भारती भी देर रात सौरभ के घर पहुंची और हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पांच अभियुक्तों पुलिस रिमांड पर

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से आयोजित तीसरी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार किए गए पांच अभियुक्तों को पटना की एक विशेष अदालत ने आज हिरासती पूछताछ के लिए दो दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश दिया।

आर्थिक अपराध की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहेलिया की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर बिहार पुलिस की विशेष आर्थिक ईकाई ने उज्जैन से गिरफ्तार किए गए इस मामले के कथित पांच सेटरों शिवकुमार उर्फ डॉक्टर शिवकुमार, प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप, तेजस्वी कुमार और सौम्या कुमार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया था।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674


# बिहार कृषि मोबाइल एप्लीकेशन को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण आज

बीएनएम@केसरिया। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शुक्रवार को बिहार कृषि मोबाइल एप्लीकेशन को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व अभियान की जानकारी दी जाएगी। बीएओ राजेश कुमार ने बताया कि चतुर्थ कृषि रोडमैप में डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों के लिए बिहार कृषि नामक वेब पोर्टल/मोबाइल एप्लीकेशन की सेवा का शुभारंभ किया गया है। किसानों की इसकी जानकारी प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर दिया जाएगा।

# अवैध संचालित आर्केस्ट्रा से चार नाबालिग लड़कियों का किया रेस्क्यू, तीन संचालक गिरफ्तार

मोतिहारी। अवैध आर्केस्ट्रा संचालन की सूचना पर एसएसबी मानव तस्करी रोधी इकाई ने छापेमारी कर चार नाबालिग लड़कियो का रेस्क्यू किया है। साथ ही तीन आर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया है।

इसकी जानकारी देते मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ अवैध आर्केस्ट्रा का संचालन किया जा रहा है, जिसमे कम उम्र की लड़कियो से अवैध कार्य कराया जा रहा है। सूचना पर सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव में संचालित पिंकी आर्केस्ट्रा



म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया। इसमें एक लड़की जलपाईगुड़ी की रहने वाली है, और दूसरी दिल्ली की रहने वाली है। एक आर्केस्ट्रा मालिक को गिरफ्तार किया गया। वही बैरिया पुलिस थाना पुलिस की जानकारी पर मलाही चौक के निकट में संचालित बरसा आर्केस्ट्रा से दो बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया और दो आर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया गया।

## बेतिया मे रिटेलर सब्जी विक्रेता की एक्सीडेंट में मौत

बेतिया। बेतिया पुलिस जिला स्थित मझौलिया के आलमगंज पोखरा चौक पर हाइवा की चपेट में आने से गुरुवार को रामनगर बनकट के वार्ड 2 निवासी किशुन महतो की घटनास्थल पर मौत हो गयी। घटना के बाद हाइवा चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मझौलिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किशुन महतो रिटेलर सब्जी विक्रेता था। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि किशुन महतो होलसेल बाजार तिवारी मार्किट से बेचने के लिए सब्जी खरीदने सायकिल से जा रहा था। हाइवा भी उसी दिशा में नानोसती की ओर से जगदीशपुर जा रहा था।सायकिल चालक से साइड लेने के क्रम में आलमगंज पोखरा चौक के पास हाइवा के पिछले पहिया से कुचल गया। साइकिल चालक की पैर की हड्डी टूट गयी और उसकी मौत हो गयी। एसआई मंजय कुमार सिंह घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# आग लगने से 70 घर जलकर खाक

**बीएनएम@मोतिहारी**

जिले के कुंडवा चैनपुर थानान्तर्गत गोरगांवा गाँव में मनीष ठाकुर के बांसवारी में रखे राख के ढेर से शुरू आग की लपेटे पुरे गाँव को अपने घेरे में ले लिया और देखते देखते लगभग 60 से 70 घर जलकर खाक हो गयें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गाँव के अनुसूचित जाति बस्ती के शंभु राम के दो बच्चे एक डेढ़ साल व दुसरा छः साल की बच्ची धर में सोयी हुई थी जिसका जलने से मौत की खबर है, वही एक बुढ़ी महिला की जलने की चर्चा है। जिसकी अधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है लेकिन गाँव के लोगों में जलकर मौत होने की चर्चा है।

आग लगने के बाद कई घरों में गैस सिलेंडर विस्फोट करने की भी सूचना है जो आग में घी जैसा काम किया है। मौके पर चार अग्निशामक गाड़ी पहुँच कर आग पर काबू पाने के लिए प्रयासरत है।

वही सिकरहना डीएसपी आग लगने की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुँच कर जायजा लिया और प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

ढाका अंचलाधिकारी, स्थानीय थानाध्यक्ष, एस एस बी कमाडेंट, पूर्व मुखिया सहित आसपड़ोस गाँव जटवलिया, के सैकड़ों लोग आग बुझाने में जुटे हुए हैं।पूर्व मुखिया ममता देवी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष चंदन कुमार एवं पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार ने सभी प्रभावित परिवार को 10-10 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग प्रशासन एवं सरकार से की है।

## अगलगी में लाखों की क्षति



**बीएनएम@केसरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र के दो गाँव में गुरुवार को अगलगी की घटना हुई है। बताया जाता है कि रामपुर कोडर के आसमा खातुन के घर में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग ने घर को पूरी तरह अपने आगोश में ले लिया। जिसके बाद अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुँची अग्निशमन टीम व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तब तक घरों में रखा अनाज, कपड़ा, नकद सहित करीब तीन लाख मूल्य की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। पीड़िता के अनुसार पुत्री की शादी होनी है। जिसको लेकर घर में शादी का समान रखा था, जो इस घटना में पूरी तरह जल गया। इस घटना में बुला महतो का एक साइकिल व एक बकरी भी जल गई। इधर, हमीदपुर में लगी आग में दस आम का पेड़ व एक एकड़ में लगी गेंहूँ की फसल जल कर नष्ट हो गई।

# पिकअप की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौत

**बीएनएम@मोतिहारी**

जिले में ढाका-मोतिहारी मुख्य पथ के गंगा पीपर चौक के पास गुरुवार को अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पिकअप पर टेंट का सामान लदा हुआ था। मृतक की पहचान पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसहनी गांव निवासी रामबाबू साह के रूप में हुई है। घटना के समय वह चिरैया थाना क्षेत्र के बेला गांव से साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था।

बेला गांव में वह अपने एक रिश्तेदार के घर आयोजित शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसे कुचल दिया। जहां घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे सब इंस्पेक्टर केशव कुमार सिंह ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दुर्घटना में शामिल गाड़ी को जब्त कर थाने पर लाया है। बताया जा रहा है, कि घटना के बाद गाड़ी का चालक भागने में सफल रहा है। जिसकी खोज की जा रही है।

थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।मृतक के परिजनों ने पुलिस को आवेदन नही दिया है।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254


STONE CLINIC
MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ


अब सही डॉक्टर से सही इलाज कराना हैं
और बिगोहेल्थ से ही नंबर लगाना हैं।
BigOHealth
सही डॉक्टर,
सही इलाज
डाउनलोड करें
BigOHealth App
और मोतिहारी के प्रमुख डॉक्टर के
पास घर बैठे फोन से नंबर लगाएं।
844-856-9131
24x7 Medical Helpline
GET IT ON
Google Play


हरसिद्धि का न. 1 कम्प्यूटर संस्थान
SAKSHI COMPUTER INSTITUTE
SCI
HARSIDHI
स्थान- यादोपुर रोड, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण
COURSES OFFERED:-
DCA, DFA, DTP, TALLY, ADCA, PGDCA
HINDI TYPING, ENGLISH TYPING
INTERNET & OTHERS
8809414001, 6209214001
Email: sci845422@gmail.com


MR
NURSING HOME
MADAN RAJ
NURSING HOME
★ Dr. C.B. Singh
MBBS
★ Dr. Khushboo Kumari
MBBS,MD
Obstetrics & Gynaecology
★ Dr. Vibhu Prashar
MBBS, MD
Critical Care & Anaesthesiology
24-Hour
Emergency
Service
SERVICE AVAILABLE
General & Laparoscopic Surgery
Orthopedic Surgery
All Type & Obs & Gynae Services
24x7 Smart Advance ICU Services
Daily Cancer Clinic
HOSPITAL ROAD
MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890
6200450565, 9113374254


M.S. MEMORIAL
PUBLIC SCHOOL
Affiliations No.- 330186
School No.- 65181
(Day Cum Residential)
Registration and Admission
Open for Session 2024-2025
TRANSPORT
FACILITY
AVAILABLE
Contact No.- 9939047109
9431203674
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI

Friday 26 April 2024

# Editorial

## इजरायल-ईरान युद्ध

कहावत है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे। ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले।

## विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस की प्रासंगिकता

कुलदीप चंद अग्निहोत्री




भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढ़ने से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है। उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में 'अशरीरी' हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए 'भारत विभाजन' का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रूप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं। इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है। यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

Today's Opinion

## विकसित भारत की दरकार है खुशहाली



**डा. जयंती लाल भंडारी**

यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरु हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रंैकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हंै।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री हैं)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# कहानी: जिंदगी में खुशी....

**वैदेही कोठारी स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखिका**



**स्कूल में देखो तो दोस्त कहते हैं ये बनना जा तू! यह करले तू..,! इसमें तुझे अच्छा पैकेज मिलेगा...!, इसी तरह सभी मिलने वाले रिश्तेदार भी अच्छी नोकरी पैकेज की बात करते हैं...,तुम लोग भी यही सब कहते हो...। आखिर - मैं क्या करना चाहता हूं..,'यह कोई समझने को राजी नहीं, आज जो देखो सिर्फ अच्छे पैकेज या नोकरी ही की क्यों बात करते हैं? सिर्फ पैसा कमाना ही जीवन में सफलता है क्या? खुद की खुशी कुछ मायने नहीं! मुझे पैसे का गुलाम नही बनना! मैं वह काम करूंगा जिससे मुझे जिंदगी भर खुशी मिलें..!**

राघव स्कूल से घर आया, बडा उदास था। मां ने पूछा - ''क्या हुआ राघव ? आज स्कूल में कुछ हुआ क्या? राघव ने कोई जवाब नही दिया ! चुप-चाप अपने कमरे में चला गया । स्कूल यूनिफार्म चेंज की। चेंज करके बैठ मोबाइल चलाने लगा। थोडी देर बाद मां ने आवाज लगाई, ''राघव खाना खाने आ जा..। वह खाना खाने डाइंनिंग टेबल के पास पड़ी चेयर पर बैठ गया।

आज वह रोज की तरह बातें नही कर रहा था। मां उसकी ओर देख कर बोली क्या हुआ? आज इतना उदास क्यों हैं? राघव ने अपनी खामोशी तोड़ कर कहा कुछ नही मां ऐसे ही..., बोल कर, खाना खाने लगा । मां ने भी ज्यादा पूछताछ नही की .., वह खाना खा कर टीवी देखने लगा। कुछ देर टीवी देखी फिर पढने बैठ गया.., ।

राघव दिखने मे काफी स्मार्ट था। 5,7 हाईट, रंग गोरा, नाक लम्बी, बालों की स्टाईल भी हिरो जैसी करा रखी थी। साथ ही पढने में भी अव्वल था। राघव पढाई के साथ साथ गेम, डांस में भी किसी से कम नही था।

कक्षा बारहवी में होने से वह पढाई को लेकर ज्यादा गंभीर था। शाम छः बजे राघव जब कोचिंग से घर आया तो मां ने कहा आज घर के सभी सदस्यों को राजेश अंकल के यहां पार्टी में चलना हैं।

प हले तो राघव ने मना किया,नही माँ... ! मैं नही जाउंगा ! मां ने ज्यादा फोर्स किया तो राघव भी पार्टी में चल दिया। हालांकि राघव का मन नही लग रहा था। वह खाने की थाली लेकर खड़ा हुआ ही था कि उसको तीन चार जान-पहचान वाले लोगों ने घेर लिया। एक अंकल ने कहा और बेटा आजकल तो दिखाई नही देते हो ..,क्या कर रहे हो ?

-जी अंकल बारहवी कक्षा में हूँ ।

-अच्छा क्या विषय लिया है,

-जी अंकल बॉयलाजी,

अच्छा है! अंकल जी हंस्ते हुए बोले,डॉक्टर बनना हैं..,

जी नही अंकल अभी कुछ सोचा नही ... !

अंकल की बात खत्म हुई ही थी, कि दूसरे अंकल बोले तो फिर क्या करोगे.. कुछ सोचा तो होगा.. !

- जी अंकल अभी सिर्फ पढाई पर ध्यान है ! अच्छा.. !

तीसरे अंकल बोले अरे बेटा तुम तो ''लॉ'' कर लो बढिया हैं,

राघव को अंदर ही अंदर बहुत गुस्सा आ रहा था, किंतु फिर भी वह शालीनता के साथ मुस्कुरा कर जवाब दे रहा था। कुछ ही देर में राघव की मां भी राघव के पास आ गई।

कहने लगी -भई क्या चर्चा चल रही है ! अरे भाभी जी कुछ नही राघव से बात कर रहे थे कि क्या करने वाला हैं आगे..!, माँ भी मुस्कुराने लगी !.., थोडी देर बाद कुछ और मिलने वाले आए, उन लोगो ने भी राघव से यही सवाल किये। राघव बैचारा क्या करता, सबको मुस्कुराते हुए जवाब देता रहा।

घर आते ही राघव गुस्सा करने लगा।

गुस्से में राघव बोला - मैने मना किया था ! मैं नही जाउंगा फिर भी आप ले गए.. !

- तो क्या हुआ राघव .. ?

- मुझे पसंद नही कि लोग मुझे तरह तरह की सलाह दे !

स्कूल में देखो तो दोस्त कहते हैं ये बनना जा तू, ! यह करले तू.., ! इसमें तुझे अच्छा पैकेज मिलेगा... !, इसी तरह सभी मिलने वाले रिश्तेदार भी अच्छी नोकरी पैकेज की बात करते हैं...,तुम लोग भी यही सब कहते हो...।

आखिर - मैं क्या करना चाहता हूं..,'यह कोई समझने को राजी नहीं, आज जो देखो सिर्फ अच्छे पैकेज या नोकरी ही की क्यों बात करते हैं? सिर्फ पैसा कमाना ही जीवन में सफलता है क्या? खुद की खुशी कुछ मायने नहीं ! मुझे पैसे का गुलाम नही बनना !

मैं वह काम करूंगा जिससे मुझे जिंदगी भर खुशी मिलें.. !

**48 राजस्व कॉलोनी रतलाम ( मध्य प्रदेश)**



# माँ

**भगवती सक्सेना गौड़, बैंगलोर**

जोर जोर से कोई दरवाजा खटखटा रहा था, नीता दौड़ कर गयी और खोला, देखा ट्विंकल खड़ी थी। वह बोली, आंटी बिजली नही है इसलिए जोर से धक्का देना पड़ा, सॉरी, कोई बात नही कहकर उसने गले लगा लिया, तुम बहुत प्यारी हो।

ये सुनते ही ट्विंकल की आंखों में आंसू आ गए।

नीता अपने पड़ोस की भाभी रेणुका को बहुत पसंद करती थी, जो कैंसर से कई वर्ष जूझने के बाद पिछले वर्ष, ट्विंकल को छोड़ कर भगवान के पास जा चुकी थी।

आज ट्विंकल जोर जोर से रो रही थी, बहुत पूछने पर बताया, कुछ आंटी और अंकल आये थे, पापा का टीका किया, मिठाई दी और चले गए, घर में सब बहुत खुश हैं।

मैंने पापा से पूछा, आज क्या है? उन्होंने बताया, तुम्हारी दूसरी मम्मी आने वाली है।

आंटी, रोक लीजिये, मुझे दूसरी मम्मी नही चाहिए, उसी को सौतेली माँ कहते हैं ना। मैंने टीवी में फिल्में देखी है, सौतेली माँ अच्छी नही होती, स्कूल में भी कहानियां सुनी है। घर में दादी, चाची सब है, फिर इनकी क्या जरूरत है। मैंने मम्मी की प्यारी यादों के साथ जीना सीख लिया है।

**आज ट्विंकल जोर जोर से रो रही थी, बहुत पूछने पर बताया, कुछ आंटी और अंकल आये थे, पापा का टीका किया, मिठाई दी और चले गए, घर में सब बहुत खुश हैं। मैंने पापा से पूछा, आज क्या है? उन्होंने बताया, तुम्हारी दूसरी मम्मी आने वाली है। आंटी, रोक लीजिये, मुझे दूसरी मम्मी नही चाहिए, उसी को सौतेली माँ कहते हैं ना। मैंने टीवी में फिल्में देखी है, सौतेली माँ अच्छी नही होती, स्कूल में भी कहानियां सुनी है। घर में दादी, चाची सब है, फिर इनकी क्या जरूरत है। मैंने मम्मी की प्यारी यादों के साथ जीना सीख लिया है।**

नीता समझ नहीं पा रही थी, बच्ची को कैसे समझाए, उसे रेणुका उस घर का सब हाल बताती थी, बीमारी ने तो बाद में खत्म किया, सास और पति के व्यवहार ने पहले ही मार दिया था, इसलिए ट्विंकल के लिए वो बहुत चिंतित रहती थी। अभी साल भी पूरा नहीं हुआ था और लोग शादी करने के चक्कर में थे।


आज उसके दिमाग में अचानक एक विचार आया उसने ट्विंकल से कहा, तुम मुझे कितना प्यार करती हो जवाब मिला ढेर सारा और वो गले लग गयी। अब बच्ची को लेकर वो उसके घर गयी और उसकी दादी से कहा, अगर बुरा न माने तो एक बात आपसे कहना चाहती हूं,

आ प की ट्विंकल इतनी प्यारी है, और आप जानती हैं मेरा अपना कोई नही है, मैके में लोग हैं पर उनके लिए मैं सिर्फ एक मेहमान ही हूँ, इस प्यारी सी बच्ची को मुझे दे दीजिए, मैं ट्रांसफर कराकर कहीं और चली जाऊंगी कानूनी रूप से इसे अपनी बेटी बनाउंगी।

दादी सोच में पड़ गयी फिर घर में मशवरा लेकर बाद में बताते हैं, ये कहा। शाम को ही ट्विंकल खुशी खुशी आयी और बोली आज मैं बहुत खुश हूं,

घर में सबने कहा, कि आपके साथ कहीं घूमने जाना है। आपमे मुझे मेरी अपनी मम्मी का रूप दिखता है, आप बहुत अच्छी हैं।

# संगठन से बनता सुदृढ़ परिवार



**हिमाद्री वर्मा 'समर्थ'**

मकान को घर बनाए वो कहलाता है परिवार
हर हाल में साथ निभाए सच्चा साथी परिवार
हरदिन को त्योहार बनाए वो सम्पन्न परिवार
दुख में जो आस बंधाए वो है खुशहाल परिवार।।


बड़ों को जहां मान मिले वो है आदर्श परिवार
बचपन को खूब प्यार मिले वो प्यारा परिवार
भावनाओं को पनाह दे वो है सहयोगी परिवार
सपनों को उड़ान मिले वो है उत्साहित परिवार।।

देशोन्नति में सहयोग करे वो जागरूक परिवार
विचार परस्पर साझा करे वो है पारदर्शी परिवार
नवाचारों का स्वागत करे वो है विकसित परिवार
जो है उसी में खुशी मनाए वो है संतुष्ट परिवार।।

ज्ञान का अखंड दीप जलाए वो शिक्षित परिवार
अतिथि का सत्कार मनाएं वो शिष्टाचारी परिवार
परहित के जो काज करे वो है परोपकारी परिवार
ईश्वर में जो ध्यान लगाए वो है धार्मिक परिवार।।

नारी का आभार जताए वो है सुसंस्कृत परिवार
हुनर की जहां कद्र हो वो है प्रतिभाशाली परिवार
वैसे तो कहे जाते हैं एकल और संयुक्त परिवार
संगठन का महत्व जो समझे वो सुदृढ़ परिवार।।

**जयपुर, राजस्थान**



# सुनों स्त्री..

**नमिता गुप्ता 'मनसी' मेरठ, उत्तर प्रदेश**

सुनों स्त्री..सुनों,
कब खोलोगी तुम
सांकल
अपने भीतर की,
माना..
बहुत सलीके से सजाया तुमने
घर-आंगन,
मुस्कराहटों को जगह दी
सारी उदास आंखों में।।

पर, क्यों भूली रही
अपने ही केशों को सुलझाना ,
क्यों नहीं टांक लिए कुछ सितारे
अपने आंचल में,
क्यों नहीं झांककर देखा चांद
मन की खिड़कियों से,
क्यों नहीं की उससे देर तक
ढेरों लंबी बातें ! !

सुनों स्त्री..
तुम जननी हो,


चित्र साभार गूगल

जन्मीं हैं तुमने ही संभावनाएं ..
संभाला है तुमने ही धरोहरों को..
तुमने बढ़ने दिया मान्यताओं को
अनवरत ही,
..तो जन्मो न अपनी एक भाषा !

निर्विरोध संशोधन करो मान्यताओं में,
सुनों..
गढ़ों ऐसी लिपि
जो अनुवादित कर सके
तुम्हारे आंसुओं को
सही से ! !

# धरा

**ममता सिंह राठौर**

**कानपुर**



पहचान की बयानी लिख रही हूं
अपने किरदार की
कहानी लिख रही हूं।।

हंसते चमकते निखरते ढलते रंग लिख रही हूं
बरसों बरस की
ऊभन लिख रही हूं।।

सहजता, सरलता, और कुशलता लिख रही हूं
प्रेम, धैर्य और सौंदर्य की
विषमता लिख रही हूं।।

लिखना यही कि स्वयं को लिख रही हूं
वेद से संवेद के अभेद लिख रही हूं।।

कथा ब्यथा का परिपेक्ष लिख रही हूं
सच लिखूं तो क्या लिखूं
अनवरत खेद लिखूं ।।

पिता लिखूं तो माँ लिखूं,
पति के संग स्वयं लिखूं
स्वयं को जब धरा लिखूं
तो भाग्य को प्रभा लिखूं।।

# माँ !

**कृष्णा तिवारी, नोएडा**



ख़ामोशी की चादर जैसे
हरदम ओढ़े रहती माँ ! !
पिता गए है ज़ब से कुछ
सहमी सहमी रहती माँ ! !
दिल में जैसे सागर है,
फिर भी रहती खाली माँ ! !
इक झोंके से छलक पड़े
से नीर भरी हो गागर माँ ! !
वो तो पूरी रामायण थी
अब क्यूँ छंदो में सिमटी माँ ! !
पिता के मंदिर की मूरत
आज विसर्जन होती माँ ! !
शूल ह्रदय में चुभे है लेकिन
किनसे पीर कहेगी माँ।।
सब माली अपनी बगियाँ के
कैसे फूल चुनेंगी माँ ! !
पिता गए है ज़ब से जैसे
हो गई कड़वी गोली माँ ! !
भरी पूरी इस दुनियाँ में
रह गई बहुत अकेली माँ ! !
दिल में जैसे सागर है
फिर भी रहती खाली माँ ! !
इक झोंके से छलक पड़े
नीर भरी हो गागर माँ।।

# पाचन को मजबूत करना है, तो अपनाएं ये हेल्दी आदतें

**बदलती** जीवनशैली और अनहेल्दी फूड्स के कारण पाचन संबंधी समस्या आम है। आप जो भी खाते हैं और सही से नहीं पचा पाते हैं। जिससे अपच, गैस, कब्ज मतली आदि की समस्या होती है। समय रहते इन समस्या पर ध्यान न दिया जाए, तो ये गंभीर बीमारियों का कारण हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आपका पाचन शक्ति मजबूत रहे, जिससे आप पेट संबंधित समस्या से बच सकते हैं। आइए जानते हैं, पाचन शक्ति कैसे बढ़ाएं।

### 1.जंक फूड्स से दूरी बनाएं

पाचन तंत्र को मजबूत रखना चाहते हैं, तो अधिक मात्रा में फैटी चीजों का सेवन न करें। अगर आप नियमित रूप से जंक फूड्स खाते हैं, तो इससे पेट संबंधित कई बीमारियां हो सकती हैं। इसमें अधिक मात्रा में शुगर और फैट होता है, इसके नियमित सेवन से आप मोटापे के शिकार हो सकते हैं।




### 2. पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं

शरीर में पानी की कमी से आपका पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है। दरअसल, कम मात्रा में पानी पीने से पाचन सही तरीके से काम नहीं करता है और कब्ज, गैस, अपच आदि समस्या होने लगती है। इस तरह आपका पाचन तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

### 3. दही खाएं


दही पाचन को दुरुस्त रखने में बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें गुड बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो पाचन को दुरुस्त रखने में मदद कर सकते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी और अन्स पोषक तत्व पाचन शक्ति बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं।



### 4. समय पर खाना खाएं

बिजी लाइफस्टाइल के कारण लोग देरी से खाना खाते हैं, कई लोग तो सुबह का नाश्ता भी स्किप कर देते हैं, इससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए रोजाना समय पर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर करें।

# हेयर फॉल से छुटकारा दिला देंगी अमरूद की पत्तियां



बालों का झड़ना टूटना आजकल हर दूसरे व्यक्ति के लिए परेशानी की वजह बना हुआ है। इस समस्या का मुख्य कारण अनियमित जीवनशैली और खान-पान की खराब आदतें हो सकती है।

अगर आप भी हेयर फॉल की समस्या से परेशान हैं तो अमरुद की पत्तियां आपकी परेशानी दूर करने में आपकी मदद कर सकती हैं। आइए जानते हैं कैसे अमरुद की पत्तियां इस्तेमाल करके आप अपने बालों के झड़ने को रोक सकते हैं।



### अमरुद में मौजूद पोषक तत्व

अमरुद की पत्तियों में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है। जो बालों का झड़ना रोक सकती हैं। अमरूद में मौजूद पोटैशियम शरीर में सोडियम के प्रभाव को कम करता है जिससे ब्लड प्रेशर की समस्या से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा, अमरुद के नियमित सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। अमरुद में मौजूद विटामिन सी के एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर की प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाते हैं और कैंसर से लड़ने में शरीर की मदद करते हैं।

### ऐसे करें अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल

हेयर फॉल रोकने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक लीटर पानी कम से कम 20 मिनट उबालकर उसमें अमरूद की पत्तियां डाल दें। अब इस घोल का ठंडा होने का इंतजार करें।

इस घोल को आगे भी यूज करने के लिए इसे एक बोतल में भरकर ऐसी जगह रखें जहां का तापमान सबसे कम हो। यह घोल बालों का रुखापन कम करके उन्हें चमकदार और हेल्दी बनाता है। अब इस घोल को हथेली पर पूरी तरह फैलाकर बालों की जड़ों पर अच्छी तरह लगाकर शॉवर कैप लगाकर सो जाएं। सुबह हेयर वॉश कर लें।

# बालों के लिए वरदान है मेथी



**मेथी** दाने में औषधीय गुण पाए जाते हैं। ये छोटे-छोटे से पीले रंग के बीज में कई बड़े फायदे छिपे हैं। ये सेहत के साथ बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। इसमें आयरन, प्रोटीन और अन्य विटामिन्स पर्याप्त पाए जाते हैं, जो बालों को मजबूती प्रदान करते हैं।

**ऐसे बनाएं मेथी से हेयर पैक**

### 1. मेथी, नींबू और कोकोनट मिल्क

सबसे पहले मेथी दाने को रात भर भिगोकर रख लें, अगले दिन इसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में कोकोनट मिल्क और नींबू का रस मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प पर लगाएं। करीब 30 मिनट बाद बालों को धो लें।

### 2. मेथी और नारियल तेल का मास्क


मेथी दाने को भिगो लें, इसे पीसकर पेस्ट तैयार कर लें। अब 1 चम्मच नारियल तेल डालें, इस मिश्रण को अच्छी तरह मिला लें। फिर इसे बालों पर लगाएं, 20-30 मिनट बाद पानी से धो लें।

### 3. मेथी और शहद का पैक

मेथी के दानों से पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट में शहद मिलाएं, इसे बालों की जड़ों में लगाएं। जब बाल सूख जाए, तो पानी से धो लें। इस हेयर पैक का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

# सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करे काली इलायची





### मजबूत करें पाचन तंत्र

काली इलायची के सेवन से गैस के साथ भूख न लगने की समस्या को भी दूर कर सकते हैं। इसकी वजह है इसमें मौजूद कार्मिनेटिव तत्व। इसके अलावा अगर आपको ब्लोटिंग की समस्या भी हमेशा बनी रहती है तब तो आपको जरूर अपनी भोजन में काली इलायची को शामिल करना चाहिए।

### एसिडिटी का इलाज

काली इलायची एसिडिटी दूर करने में भी है फायदेमंद। ऑयली, स्पाइसी फूड के सेवन से एसिडिटी की समस्या हो सकती है तो इसे बचने या दूर करने के लिए काली मिर्च को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा।

काली इलायची के सेवन से फेफड़ों में ब्लड का सर्कुलेशन सही तरीके से होता है। जिसकी वजह से सर्दी-जुकाम और अस्थमा की समस्याएं कोसों दूर रहती हैं। तो श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

काली मिर्च में मौजूद जीवाणुरोधी गुण दातों के संक्रमण, मसूड़ों के संक्रमण और मुंह की बदबू से राहत दिलाते हैं।

तो अगर आप भी मुंह की बदबू से बहुत परेशान रहते हैं तो काली मिर्च के सेवन से इसमें बहुत लाभ मिलेगा।

### स्किन को बनाए चमकदार

इलायची में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी और पोटैशियम त्वचा के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करते हैं जिससे चेहरे की चमक बढ़ती और और आप ज्यादा जवां नजर आती हैं।

Friday
26 April 2024

BNM Fantasy



# आर्टिकल 370 ने लगाई फिफ्टी

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में 50 शानदार दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

# प

*रिणीति चोपड़ा ने बढ़ाया 15 किलो वजन*

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। अमर सिंह चमकीला पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिए 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया कि किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया। इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। यह बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।



# बॉलीवुड में बड़ा धमाका करेगी देवरा पार्ट-1

*साथ आए करण जौहर*



बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म देवरा: पार्ट 1 का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेट्स में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट देवरा: भाग 1 पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्मकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिख बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवारा दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।